दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
परीक्षा हेतु अभ्यासकार्य पत्र
सत्र 2019–2020

कक्षाः छठी   विषयः हिंदी

प्र०1. प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्तूबर ,1904 को वाराणसी के निकट मुगल सराय में एक निर्धन परिवार में हुआ था। इनके पिता शारदा प्रसाद एक साधारण अध्यापक थे। जब लाल बहादुर केवल डेढ वर्ष के थे, तब इनके पिता की मृत्यु हो गई। आर्थिक कठिनाइयों से घिरे, पिता के स्नेह से वंचित शास्त्री जी की शिक्षा बहुत कष्टमय स्थिति में हुई। बडी कठिनाई से मैट्रिक पास करने के बाद इन्होंने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। फिर गाँधी जी की पुकार पर ये देश के स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पडे। इन्होंने अनेक बार जेल–यात्रा भी की। इस प्रकार उनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत हुई। शास्त्री का संपूर्ण व्यक्तित्व व जीवन अनूठा था। 'जय जवान जय किसान' का नारा देने वाला छोटे कद का, परंतु विलक्षण व्यक्ति अपनी महान उपलब्धियों व गुणों के कारण सदियों तक याद किया जाएगा।

1. शास्त्री जी का जन्म कब हुआ था?
2. शास्त्री जी कितने वर्ष के थे जब इनके पिता की मृत्यु हुई ?
3. 'जय जवान जय किसान' किस का नारा था ?
4. मैट्रिक पास करने के बाद उन्होने कौन सी उपाधि प्राप्त की ?
5. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

प्र०2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखेंः–

देश हमारा सबसे प्यारा
ऊँची इसकी शान है।
ऊँचे–पर्वत बहती नदिया
सब देशों में महान है।
हिमगिरि इसका मुकुट
सुशोभित
सागर चरण पखार रहा।
हर मौसम आता खुशियाँ ले
इसका रुप सँवार रहा।

क. किस देश की शान सबसे ऊँची है ?
ख. देश का मुकुट कौन सा है ?

ग. हर मौसम क्या लेकर आता है ?

घ. सब देशों में कौन सा देश महान है ?

ङ. उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखे।

प्र०3. आशय स्पष्ट करें :–

क. चढ़ी नदी का दिल टटोलकर
जल का मोती ले जाती है।

प्र०4. निम्नलिखित लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क. चिड़िया के पंख कैसे है ?

ख. लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या–क्या काम करती थी ?

ग. लेखिका को बचपन में कौन–कौन सी चीज़े खाने में मज़ा आता था ?

घ. केशव और श्यामा की किस नादानी पर माँ को हँसी आई ?

प्र०5. निम्नलिखित दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क. काव्यांश में चिड़िया की क्या–क्या विशेषताएँ बताई गई हैं ?

ख. ''तुम्हे बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है''। इस बात के लेखिका क्या–क्या उदाहरण देती हैं ?

ग. केशव और श्यामा के मन में अंडों को देखकर किस तरह के सवाल उठते थे ? वे आपस ही में सवाल–जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दे दिया करते थे ?

घ. चिड़िया बार–बार कार्निस पर क्यों आती थी और वहाँ बैठे बिना ही क्यों उड़ जाती थी ?

प्र०6. प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में मनुष्य का क्या योगदान है, अपने विचार 60–70 शब्दों में लिखिए।

प्र०7. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिख कर वाक्य बनाए :–

1. जुंडी	2. गरबीली	3. पोशाक
4. आश्वासन	5. सूराख	6. सोटी

प्र०8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. अयोध्या किस राज्य की राजधानी थी ?

ख. श्री राम का जन्म किस तिथि को हुआ था ?

ग. राजा दशरथ किसके पुत्र थे और किसके वंशज थे ?

घ. सदा एक वचन में रहने वाले चार शब्द लिखें।

प्र०9. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–

क. सौभाग्य, कायर, उपकार, क्रय (विलोम शब्द लिखें)

ख. आनंद, आकाश, किनारा, अमृत (पर्यायवाची शब्द लिखें)

ग. 1. अन्न, अन्य (श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखें)
2. अलि, अली
3. अनिल, अनल

घ 1 जिसका कोई शत्रु न हो (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)
2 जो कम बोलता हो
3 जो कभी न मरे
4 अत्याचार करने वाला

प्र०10. निम्नलिखित अति लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–
क. व्याकरण के कितने अंग है ?
ख. पत्र लिखना भाषा का कौन–सा रुप है ?
ग. विश्व में हिंदी दिवस कब मनाया जाता है ?

प्र०11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–
क. भाषा किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद हैं ?
ख. व्याकरण क्या सिखाता है ?
ग. बोली किसे कहते हैं ?
घ. हिंदी दिवस कब मनाया जाता है ?
ङ. वचन किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद हैं ?
च. भारत की राजभाषा कौन – सी है ?

प्र०12. निम्नलिखित विषय पर 80 – 90 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए :–
ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ता खतरा

संकेत बिंदु –

- ग्लोबल वार्मिंग का अर्थ
- कारण व समस्याएँ
- रोकथाम के उपाय